पत्रांक–17/विविध (सात निश्चय पार्ट–3)–22/2025–........11......... (17)/रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**प्रेषक,**

**सी0 के0 अनिल, भा0प्र0से0**
**प्रधान सचिव।**

**सेवा में,**

**सभी प्रमंडलीय आयुक्त,**
**बिहार।**

पटना–15, दिनांक– 08/01/26

**विषय :– सात निश्चय–3 (2025–2030) के स्तंभ–7 में Ease of Living में राजस्व प्रशासन की सहभागिता एवं प्रमंडलीय आयुक्त की भूमिका एवं दायित्व संबंधित दिशा–निर्देश।**

**महाशय,**

निदेशानुसार कहना है कि सरकार ने सात निश्चय–3 (2025–2030) को समस्त राज्य में लागू करते हुए उसके स्तंभ–7 में यह निर्णय लिया है कि नागरिकों की Ease of Living की गुणात्मक बढ़ोतरी हो। उक्त प्रयास में प्रमण्डलीय आयुक्तों की अहम भूमिका है एवं क्षेत्रीय स्तर पर राजस्व प्रशासन के शीर्षतम स्तर पर होने के कारण नेतृत्व प्रदान करने का दायित्व भी आपका है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में आपसे निम्नलिखित कृत की अपेक्षा की जा रही है :–

(क) भूमि सुधार, राजस्व संग्रह, भूमि अभिलेखों का संधारण, नामांतरण, जमाबंदी, भूमि विवादों का न्यायसंगत निपटारा इत्यादि का प्रभावी क्रियान्वयन।

(ख) आयुक्तगण प्रमण्डल स्तर पर मासिक बैठक आहूत में निम्न की समीक्षा करें –

(i) भूमि बैंक (Land Bank) का अंचलवार सृजन।

(ii) नामांतरण एवं जमाबंदी निर्धारण हेतु समय–सीमा का अनुपालन।

(iii) सरकारी भूमि की पहचान एवं संरक्षण।

(iv) भू–अभिलेखों (Online) में सुधार की प्रगति।

(v) PM KISAN-AGRISTACK योजना में प्रगति।

(vi) Aadhar Seeding

(vii) राजस्व संग्रह एवं बकाया वसूली।

(viii) राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादो का युद्ध स्तर पर निपटारा।

(ix) अधीनस्थ राजस्व न्यायालों पर नियंत्रण, समीक्षा एवं अनुश्रवण।

(ग) भूमि सुधार जन कल्याण संवाद–2026 जो प्रमंडलीय मुख्यालयों में आयोजित हुई है उसमें जन साधारण की लंबी कतार एवं उमडी भीड़ से यह तथ्य उज़ागर हुआ है कि राजस्व प्रशासन में गुणात्मक सुधार क्षेत्रीय स्तर पर लाने हेतु प्रमंडलीय आयुक्तों के नेतृत्व में पारदर्शी कार्य, गहन समीक्षा एवं सतत अनुश्रवण का विशेष महत्व है।

(घ) विभाग द्वारा आमजनो से प्राप्त सभी शिकायतों (कॉल सेंटर, ऑनलाईन, भौतिक रूप से एवं जन कल्याण संवाद में प्राप्त) को बिहार भूमि पोर्टल पर उपलब्ध लिंक "जन शिकायत पोर्टल" पर संधारित कर विषय वस्तु के अनुसार विभिन्न स्तर के पदाधिकारी को ऑनलाईन मोड में ही प्रदर्शित की जाती है। जन शिकायत पोर्टल का लॉगिन आपको पूर्व प्रेषित है। उक्त जन शिकायत पोर्टल की आपके स्तर पर समीक्षा से गुणवत्ता में सुधार होगा।

(ङ) सरकार की यह अपेक्षा है कि प्रमण्डलीय आयुक्त के रूप में आपके लम्बे अनुभव का लाभ एवं IT Services/Artificial intelligence (AI) का राजस्व प्रशासन में सकारात्मक इस्तेमाल में भी आपका अभूतपूर्ण योगदान रहेगा।

(च) सरकार चिंतित है कि जन कल्याण संवाद में लोक सेवकों को सत्यनिष्ठा से लोक कृत करने हेतु प्रोत्साहित करने के बावजूद पटना, शिवहर एवं वैशाली में राजस्व हल्का कर्मचारी निगरानी तंत्र द्वारा रंगे हाथ रिश्वत (अवैध माँग) लेते हुए पकड़े गए हैं, जिससे सरकार की छवि धूमिल हुई है। इस क्षेत्र में भी आपसे अधीनस्थ सभी कर्मियों को ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से कार्य कराने हेतु प्रेरणा स्रोत (Role Model/Icon) के रूप में काम करने की अपेक्षा है।

अतः अनुरोध है कि सात निश्चत–3 (2025-2030) में सरकार द्वारा प्रख्यापित उद्देश्यों को क्रियान्वित करने में क्षेत्रीय स्तर पर नए उर्जा का संचार करने के साथ–साथ राजस्व प्रशासन को नियंत्रित करते हुए जन कल्याण का औजार एवं उपकरण बनाने का सतत् प्रयास करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

08/01/2026

(सी0 के0 अनिल)
प्रधान सचिव